झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन

प्रभात खबर

रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

instagram.com/prabhat.khabar

रांची, गुरुवार

28.11.2024

मार्गशीर्ष कृष्ण 13 संवत 2081

पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹ 6

नगर संस्करण

वर्ष : 41, अंक : 323

रजिस्ट्रेशन : आर एन 44208/1984

facebook.com/prabhat.khabar

बच्चों को बदलते परिवेश में संभावनाओं के प्रति जागरूक करें : अखिलेश झा

डीएवी नंदराज में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी.

रांची. डीएवी नंदराज स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव 'आरंभ' मनाया गया. मुख्य अतिथि जोनल आइजी अखिलेश कुमार झा और विशिष्ट अतिथि सीआइएसएफ के डीआइजी सुमंत सिंह, आइपीएस पीयूष पांडे, निधि द्विवेदी, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीसी इनकम टैक्स अजय कुमार सिंह उपस्थित थे. इस दौरान प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की. अखिलेश कुमार झा ने बच्चों को बदलते परिवेश में संभावनाओं के प्रति जागरूक होने की सलाह दी. स्कूल कमेटी के प्रधान प्रेमप्रकाश आर्य ने कहा कि हम मूल्य आधारित शिक्षा के साथ संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं. इस दौरान स्कूल परिसर में 'वैदिक उपवन' का उदघाटन हुआ. उपवन में महर्षि दयानंद सरस्वती की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया. यज्ञशाला के जरिये विद्यार्थियों में आध्यात्मिक नवाचार को बढ़ावा देने की पहल की गयी. इस अवसर पर सुनील कुमार, शिवशंकर पांडेय, डीइओ विनय कुमार, बादल राज, दीप्ति कुमारी, अखिलेश पांडेय आदि उपस्थित थे.